www.facebook.com/kheldhaba www.youtube.com/kheldhaba www.twitter.com/kheldhaba www.kheldhaba.com



# खेल ढाबा





Khel dhaba.com

पटना, गुरुवार, 07 अगस्त, 2025 वर्ष-1 ॥ अंक-42 ॥ पृष्ठ-4॥

डिजिटल समाचार

ईस्ट बंगाल ने नामधारी एफसी को हराया पेज-02

गांगुली लड़ेंगे सीएबी का चुनाव पेज-03

गिल प्लेयर ऑफ मंथ पुरस्कार के लिए नामित पेज-03



# रग्बी के रंग में रंगा राजगीर

## एशिया अंडर-20 सेवेंस रग्बी चैंपियनशिप का शेड्यूल हुआ जारी, भारत अपना पहला मैच यूएई और कजाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा

**राजगीर, 6 अगस्त (खेलढाबा)।** बिहार का ऐतिहासिक शहर राजगीर रग्बी के रंग में रंगा हुआ है। मौका है एशिया अंडर-20 पुरुष व महिला सेवेंस रग्बी चैंपियनशिप का। इसका आयोजन राजगीर खेल एकादमी परिसर में नौ व दस अगस्त को किया जायेगा।

इस आयोजन का शेड्यूल जारी हो गया और टीमों का आना भी शुरू हो चुका है। चीन की टीम पटना पहुंची जहां इसका भव्य स्वागत किया गया और इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उसे आयोजन स्थल की ओर रवाना कर दिया गया।

इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जो अलग-अलग पूल में बंटकर खिताब के लिए भिड़ेंगी।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला पुरुष वर्ग के हांगकांग चीन और श्रीलंका के मैच से होगा। इसके बाद पुरुष वर्ग में भारत बनाम यूएई मुकाबला खेला जायेगा। महलिा वर्ग में भारत अपना मुकाबला कजाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

### यह है पूल बंटवारा

पुरुष वर्ग
पूल ए : भारत, हांगकांग चाइना, श्रीलंका, यूएई।
पूल बी : मलेशिया, उज्बेकिस्तान, चीन, कजाकिस्तान।

महिला वर्ग
पूल ए : चीन, नेपाल, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका।
पूल बी : भारत, हांगकांग चाइना, यूएई, कजाकिस्तान।

### 9 अगस्त के मुकाबले

पुरुष वर्ग
हांगकांग चीन बनाम श्रीलंका
भारत बनाम यूएई
उज्बेकिस्तान बनाम चीन
मलेशिया बनाम कजाकिस्तान
हांगकांग चीन बनाम यूएई
भारत बनाम श्रीलंका
उज्बेकिस्तान बनाम कजाकिस्तान
मलेशिया बनाम चीन
श्रीलंका बनाम यूएई
भारत बनाम हांगकांग ची
चीन बनाम कजाकिस्तान
मलेशिया बनाम उजबेकिस्तान

महिला वर्ग
नेपाल बनाम उजबेकिस्तान
चीन बनाम श्रीलंका
हांगकांग चीन बनाम श्रीलंका
भारत बनाम कजाकिस्तान
नेपाल बनाम श्रीलंका
चीन बनाम उजबेकिस्तान
हांगकांग चीन बनाम कजाकिस्तान
भारत बनाम यूएई
उजबेकिस्तान बनाम श्रीलंका
चीन बनाम नेपाल
यूएई बनाम कजाकिस्तान
भारत बनाम हांगकांग चीन

### 10 अगस्त के मुकाबले (नॉकआउट और फाइनल्स)

सेमीफाइनल पुरुष (सेमीफाइनल पूल): सुबह 10:00 बजे से
सेमीफाइनल महिला (सेमीफाइनल पूल): दोपहर 12:15 बजे से
दोपहर 1:15 से 3:00 बजे तक लंच ब्रेक
प्लेस प्लेऑफ़: दोपहर 3:15 से
पुरुष फाइनल-शाम 5:30 बजे
महिला फाइनल-शाम 5:55 बजे

## फैनकोड पर होगा मैचों का सीधा प्रसारण

♦ इसके पहले फैनकोड पर कई रग्बी टूर्नामेंटों का सीधा प्रसारण हो चुका है

**मुंबई, 6 अगस्त (खेलढाबा)।** भारत का प्रमुख डिजिटल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म फैनकोड आगामी 9 और 10 अगस्त को बिहार के राजगीर में होने वाली एशिया रग्बी अमीरात अंडर-20 रग्बी सेवेंस चैम्पियनशिप 2025 का सीधा प्रसारण करेगा। इस प्रतिष्ठित युवा टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में चीन, यूएई, हांगकांग चीन, कज़ाख़स्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका और मलेशिया की टीमें हिस्सा लेंगी, जबकि महिला वर्ग में नेपाल भाग लेगा। मेज़बान भारत दोनों वर्गों में मुकाबला करेगा। टूर्नामेंट को लेकर भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, भारत एशियाई रग्बी परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण केंद्र बनता जा रहा है और यह प्रतियोगिता देश की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। फैनकोड के माध्यम से भारतीय दर्शकों को शीर्ष स्तर की युवा रग्बी देखने का अवसर मिलेगा।

फैनकोड इससे पहले रग्बी वर्ल्ड कप 2023 में वर्ल्ड रग्बी सेवन्स सीरीज़ और देश की सभी आयु-वर्ग की रग्बी प्रतियोगिताओं का प्रसारण कर चुका है।

फैनकोड के सह-संस्थापक यानिक कोलाको ने कहा, हम रग्बी को जमीनी स्तर से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक मंच देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य इस खेल को भारत में व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाना है। एशिया रग्बी के सीईओ बेंजामिन वैन रूयन ने कहा कि इस टूर्नामेंट की डिजिटल उपलब्धता से देश में युवा रग्बी खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी और खेल का आधार मजबूत होगा।

## वैशाली और मधेपुरा सेमीफाइनल में

**सुब्रतो कप अंडर-17 फुटबॉल**

♦ जमुई को पेनाल्टी शूटआउट में हरा सेमीफाइनल में पहुंचा वैशाली
♦ मधेपुरा के क्वार्टरफाइनल में रोहतास के खिलाफ वाकओवर मिला
♦ अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी होने के कारण पश्चिमी चंपारण टीम को किया गया बाहर

**बेगूसराय, 6 अगस्त (खेलढाबा)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं खेल विभाग बिहार सरकार के के बैनर तले जिला प्रशासन बेगूसराय की मेजबानी में चल रहे राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी अंडर-17 बालक व बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार से बालक वर्ग के मुकाबले शुरू हए। वैशाली और मधेपुरा ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

वैशाली ने जमुई को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वैशाली टीम को प्री क्वार्टरफाइनल मुकाबले में पश्चिमी चंपारण के खिलाफ वाकओवर मिला। पश्चिमी चंपारण की टीम को अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ी होने के कारण टूर्नामेंट से निष्कासित कर दिया गया।

मधेपुरा को क्वार्टरफाइनल में रोहतास के नहीं आने से वाकओवर मिला और उसने सेमीफाइनल का टिकट कटाया।

पहले दिन पूल ए और पूल बी के मुकाबले खेले गए। इस प्रतियोगिता में कुल 23 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिन्हें चार पूलों में बांटा गया है। तीन पूलों में छह-छह जबकि एक पूल में पांच टीम हैं। मुकाबले नॉकआधार पर खेले जा रहे हैं।

यमुना भगत स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेले गए बालक वर्ग के मुकाबले में शिवहर, वैशाली, मधेपुरा, जमुई ने जीत हासिल की। अगले चरण में मधेपुरा ने किशनगंज और पटना ने जमुई को हरा कर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

शिवहर ने कैमूर को 5-2 से हराया। शिवहर की ओर से चुन्नू ने 2, नकी ने 2 और मो. अनवर ने 1 गोल दागे। कैमूर की ओर से रवि और अभिषेक ने टीम के लिए 1 – 1 गोल किया।

वैशाली ने भोजपुर को 2-0 से हराया। वैशाली की ओर से हिमांशु ने 1 और सुमित ने 1 गोल किया। भोजपुर की टीम कोई गोल नहीं कर पाई।

मधेपुरा ने एक तरफा मुकाबले में गोपालगंज को 4-0 से हराया। मधेपुरा की ओर से आयुष राज ने 2, करण और आदित्य ने 1-1 गोल दागे। गोपालगंज की टीम गोल का खाता नहीं खोल पाई।

चौथे मैच में जमुई ने मुंगेर को 4-2 से हराया। जमुई की ओर से सूर्या, हिमांशु शेखर, अविनाश और शिवम ने अपनी टीम के लिए 1-1 गोल किया। मुंगेर की ओर से मो. असद ने 1और अहसन राजा ने भी 1 गोल दागे।

पहले प्री-क्वार्टर फाइनल में मधेपुरा ने किशनगंज को 2-0 से हराया। मधेपुरा की ओर से करण ने 1और प्रकाश ने भी एक गोल दागे। किशनगंज की टीम कोई गोल नहीं कर पाई।

दूसरे प्री क्वार्टरफाइनल में जमुई ने पटना को 1-0 से हराया। मैच में 1 मात्र गोल जमुई की ओर से अविनाश ने किया। पटना की टीम की ओर से कोई गोल नहीं हुआ।

क्वार्टरफाइनल में वैशाली ने जमुई को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को पूल सी और डी के मुकाबले खेले जायेंगे।

सुबह में उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा बेगूसराय श्याम सहनी ने खिलाड़ियों ने परिचय प्राप्त कर इस मैच का उद्घाटन किया उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार के ये बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रौशन करें ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि खेल से एकता का संदेश मिलता है। बेगूसराय को लगातार खेल के विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय और राज्य स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी मिल रही है, जो बेगूसराय में खेल का एक वातावरण बना रहा है। जिला प्रशासन बेगूसराय और खेल विभाग बेगूसराय द्वारा हर तरह से इस प्रतियोगिता की शानदार तैयारी की हुई है।

उन्होंने यह भी कहा कि शारीरिक शिक्षकों के कठिन मेहनत तथा जिला प्रशासन बेगूसराय के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा रहा है।

उद्घोषक और मंच संचालक की भूमिका शिक्षक गौरव कुमार पाठक ने निभाई। पूरे आयोजन में संजीव कुमार मुन्ना, शारीरिक शिक्षक विश्वजीत कुमार, अरविंद कुमार, चिरंजीवी ठाकुर, राम बाबू सिंह, शशिकांत, शुभम ,रितेश , मणिकांत, दीपक आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## 18 अगस्त से फिर खुलेंगे बिहार के एकलव्य सेंटर

**पटना, 6 अगस्त।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने एकलव्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र के संचालन की तिथि घोषित कर दी है। 18 अगस्त से राज्य के विभिन्न केंद्रों पर चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र में चयनित खिलाड़ियों को अनुशासित और सुनियोजित वातावरण में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित खिलाड़ियों को उनके नामित प्रशिक्षण केंद्र की जानकारी जिला खेल कार्यालयों, विद्यालयों और अभिभावकों के माध्यम से प्रदान की जाएगी। सभी प्रतिनियुक्त प्रशिक्षक दो दिन के अंदर केंद्र का प्रभार ग्रहण कर संबंधित विद्यालय के प्राचार्य या प्रधानाध्यापक या जिला खेल कार्यालय एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को सूचना देने के लिए कहा गया है। प्रशिक्षक सभी कार्यों एवं सामानों की समीक्षा कर प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे। कुल 45 केंद्रों को खोलने की सूचना जारी की गई है। प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार खिलाड़ियों की उपस्थिति निर्धारित तिथि से अनिवार्य होगी।

## हॉकी : बिहार ने हिमाचल प्रदेश को बराबरी पर रोका

**जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप**

♦ बिहार की काजल कच्छप बनीं प्लेयर ऑफ द मैच
♦ इस ड्रॉ मुकाबले से बिहार को नहीं हुआ फायदा
♦ हिमाचल प्रदेश ए डिवीजन में हुआ अपग्रेड

**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), 6 अगस्त।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा स्थित जिला खेल प्राधिकरण हॉकी मैदान में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में आज खेले गए बी डिविजन के अंतिम लीग मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार और हॉकी हिमाचल के बीच मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस बराबरी का बिहार को फायदा नहीं मिला और वह ए डिवीजन में अपग्रेड नहीं हो पाई। डिवीजन बी मुकाबले के समापन के बाद पूल ए से मणिपुर हॉकी और पूल बी से हॉकी हिमाचल को अगले साल के डिवीजन ए में प्रोमोट किया गया।

**मैच का रोमांच :** मैच के पहले क्वार्टर में ही दोनों टीमों ने एक-एक गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। 11वें मिनट में बिहार की ओर से खुशी कुमारी ने रिशु कुमारी के पास पर शानदार फील्ड गोल करते हुए टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। लेकिन अगले ही मिनट (12वें) में भूमि जैन ने हिमाचल की ओर से जवाबी हमला करते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद बिहार की टीम ने लगातार आक्रामक खेल दिखाया और मैच के अधिकतर समय पर दबदबा बनाए रखा, लेकिन अतिरिक्त गोल करने में असफल रही। अंततः मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

**मैन ऑफ द मैच:** बिहार की मिडफील्डर काजल कच्छप को शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।



बेगूसराय में चल रही राज्यस्तरीय अंडर-17 सुब्रतो कप बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान खेले गए मैच का दृश्य।

## बीसीसीआई को आरटीआई से राहत

**राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक**

♦ सरकारी अनुदान और सहायता वाले संघ आरटीआई के अंदर आयेंगे

**नईदिल्ली, 6 अगस्त।** खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के आरटीआई संबंधी प्रावधान में संशोधन किया है जिसके तहत केवल उन्हीं संस्थाओं को इसके दायरे में रखा गया है जो सरकारी अनुदान और सहायता पर निर्भर हैं और इससे बीसीसीआई को काफी राहत मिली होगी।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने 23 जुलाई को लोकसभा में यह बिल रखा जिसके प्रावधान 15 (2) में कहा गया है कि ''किसी मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा। आरटीआई बीसीसीआई के लिए एक पेचीदा मुद्दा रहा है जिसने इसके अंतर्गत आने का लगातार विरोध किया है क्योंकि बोर्ड अन्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के विपरीत सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं है। विधेयक में संशोधन से इन आशंकाओं पर विराम लग गया।

एक जानकार सूत्र ने बताया कि संशोधित प्रावधान सार्वजनिक प्राधिकरण को एक ऐसी संस्था के रूप में परिभाषित करता है जो सरकारी धन या सहायता पर निर्भर है। इस संशोधन के साथ सार्वजनिक प्राधिकरण की स्पष्ट परिभाषा हो गई है। सूत्र ने कहा कि अगर ऐसा नहीं किया जाता तो यह एक अस्पष्ट क्षेत्र होता जिसके कारण विधेयक अटक सकता था या उसे अदालत में चुनौती दी जा सकती थी। इसलिए सार्वजनिक धन से जुड़ी कोई भी चीज़ आरटीआई के दायरे में आएगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर राष्ट्रीय महासंघ सरकारी सहायता नहीं भी ले रहा है तो भी अगर उसके टूर्नामेंटों के आयोजन या संचालन में किसी तरह की सरकारी सहायता मिली है तो उससे सवाल किया जा सकता है। सरकारी सहायता सिर्फ धन ही नहीं बल्कि बुनियादी ढांचे के संदर्भ में भी है।

# मध्यप्रदेश को हरा झारखंड फाइनल में

**चेन्नई, 6 अगस्त।** स्थानीय मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल मुकाबलों में बुधवार को हॉकी पंजाब और हॉकी झारखंड ने जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बना ली है।

**हॉकी इंडिया सब-जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप**
- पंजाब से होगी खिताबी भिड़ंत
- तीसरे स्थान के लिए यूपी का मुकाबला एमपी से

अब खिताबी मुकाबले में हॉकी पंजाब का सामना हॉकी झारखंड से होगा, जबकि उत्तर प्रदेश हॉकी और हॉकी मध्य प्रदेश के बीच तीसरे स्थान के लिए मुकाबला कल खेला जाएगा।

दिन के पहले सेमीफाइनल में हॉकी पंजाब ने उत्तर प्रदेश हॉकी को 4-3 से हराया। पंजाब की ओर से सुखदेव सिंह (51वें, 52वें मिनट) ने अंत में दो शानदार गोल करते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इससे पहले मनदीप सिंह (19 वें मिनट) और वरिंदर सिंह (28वें मिनट) ने पहले हाफ में गोल किए। उत्तर प्रदेश हॉकी की ओर से हर्ष प्रताप सिंह (9वें मिनट), अली शाहरुख (21वें मिनट) और कप्तान केतन कुशवाहा (28वें मिनट) ने गोल किए।

दूसरे सेमीफाइनल में हॉकी झारखंड ने हॉकी मध्य प्रदेश को 3-1 से पराजित किया। हालांकि मध्य प्रदेश की ओर से लव (21वें मिनट) ने गोल कर पहले बढ़त दिलाई, लेकिन झारखंड ने जोरदार वापसी करते हुए सोरेन सुमराय (29वें मिनट), आशीष तानी पुर्ति (44वें मिनट) और जैसन कंडुलना (56वें मिनट) के गोलों की बदौलत जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश किया।



## अनुराग ठाकुर एक बार फिर बीएफआई चुनावों के लिए अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया और 21 अगस्त को होने वाले चुनावों के लिए बुधवार को जारी निर्वाचक मंडल से उनका नाम हटा दिया गया। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने ठाकुर और इसके अध्यक्ष राजेश भंडारी को आम सालाना बैठक (एजीएम) के लिए अपने दो प्रतिनिधियों के रूप में नामित किया था। बैठक का मुख्य एजेंडा 2025–2029 के कार्यकाल के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव कराना है। हालांकि बीएफआई की अंतरिम समिति ने जांच के बाद 66 सदस्यीय निर्वाचक मंडल जारी किया जिसमें ठाकुर का नाम शामिल नहीं था। अप्रैल में विश्व मुक्केबाजी ने महासंघ के दैनिक कार्यों की देखरेख के लिए अंतरिम समिति गठित की थी। फैरुज मोहम्मद की अध्यक्षता वाली अंतरिम समिति के अनुसार ठाकुर का नामांकन बीएफआई के संविधान के अनुच्छेद 20 (तीन) और (सात) का उल्लंघन' है।

## झारखंड राज्य ओपन जेवलिन थ्रो एथलेटिक्स साहेबगंज में आज

**रांची, 6 अगस्त (खेलढाबा)।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ, रांची के निर्देशानुसार साहेबगंज जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा सिदो कान्हु स्टेडियम, साहेबगंज में 07 अगस्त 2025 को प्रातः 10 बजे से 4थीं झारखंड राज्य ओपन जेवलिन थ्रो एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्गों के अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20, तथा ओपन महिला और पुरुष वर्ग के लिए आयोजित होगी। खास बात यह है कि इस स्पर्धा से राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफाइंग अंक भी निर्धारित होंगे, जिससे राज्य के खिलाड़ियों को बड़ा अवसर मिलेगा।

ज्ञात हो कि नीरज चोपड़ा ने 07 अगस्त 2021 को टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतकर देश को एथलेटिक्स (जेवलिन थ्रो) में पहला ओलंपिक गोल्ड दिलाया था। उसी उपलक्ष्य में हर वर्ष 07 अगस्त को राष्ट्रीय जेवलिन दिवस मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में एकसाथ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं ताकि नई प्रतिभाओं को अवसर मिल सके। जिले में यह पहली राज्य स्तरीय जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता आयोजित हो रही है, जिसे लेकर साहेबगंज के खिलाड़ियों और कोचों में भारी उत्साह है। यह आयोजन न केवल क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा।

# जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में जीता झारखंड

**काकीनाडा (आंध्र प्रदेश), 6 अगस्त।** 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के छठे दिन खेले गए ए डिवीजन के मुकाबले में हॉकी मध्यप्रदेश, हॉकी झारखंड ने जीत हासिल की।

हॉकी झारखंड ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 7-1 से हराया। सरोज कुमारी (तीसरे, 8वें मिनट), स्वीटी डुंगडुंग (47वें, 50वें मिनट) और कप्तान रजनी केरकेट्टा (36वें, 41वें मिनट) ने दो–दो गोल किए, जबकि रोशनी ऐंद (19वें मिनट) ने एक गोल जोड़ा। छत्तीसगढ़ के लिए एकमात्र गोल चेतना रानी दास (16वें मिनट) ने किया।





हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी पंजाब को 4-0 से हराया। काजल (13वें, 52वें) और स्नेहा पटेल (36वें, 45वें मिनट) ने दो–दो गोल किए।

हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी के बीच मुकाबला 1–1 से ड्रॉ रहा। हरियाणा की कप्तान शशि खासा (5वें मिनट) और यूपी की रश्मि पटेल (54वें मिनट) ने एक–एक गोल दागा।

# स्कूली वॉलीबॉल टीम का सेलेक्शन ट्रायल 18 अगस्त को

**रांची, 6 अगस्त (खेलढाबा)।** झारखंड के स्कूली खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन का सुनहरा मौका सामने आया है। विश्व वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए झारखंड अंडर-15 बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय चयन ट्रायल 18 अगस्त को रांची में आयोजित किया जाएगा। यह चैंपियनशिप 4 से 13 दिसंबर 2025 के बीच चीन के शांगलू शहर में इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित की जाएगी।

- विश्व स्कूली वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए होगा यह ट्रायल
- राज्यस्तर पर चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के सेलेक्शन ट्रायल में लेंगे
- राष्ट्रीय स्तर पर सेलेक्शन ट्रायल पुणे में

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में यह ट्रायल रांची विश्वविद्यालय के आर.के. आनंद पवेलियन में आयोजित होगा। कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र–छात्राएं इस ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि इस ट्रायल का उद्देश्य राज्य के प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर देना है।

राज्यस्तर पर चयनित खिलाड़ियों को 26 से 30 अगस्त के बीच पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने का मौका मिलेगा। राष्ट्रीय स्तर पर अंडर-15 बालक वर्ग का ट्रायलः 26–27 अगस्त और अंडर–15 बालिका वर्ग का ट्रायलः 29–30 अगस्त को होगा। इस पहल से न सिर्फ खिलाड़ियों को विश्व वॉलीबॉल चैंपियनशिप जैसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने का मंच मिलेगा, बल्कि यह राज्य की खेल प्रतिभा को वैश्विक पहचान दिलाने में भी सहायक होगा।

### विश्व वुशू दिवस के अवसर पर झारखंड में विशेष कार्यक्रम

**रांची, 6 अगस्त (खेलढाबा)।** विश्व वुशू दिवस 2025 को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर झारखंड वुशू एसोसिएशन के तत्वावधान में झारखंड राज्य के सभी जिलों में 9 अगस्त को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों का उद्देश्य वुशु खेल के मूल्यों जैसे आत्मरक्षा, अनुशासन, मानसिक संतुलन और स्वास्थ्य लाभ को जन–जन तक पहुंचाना है। झारखंड में इस दिवस के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में ताई ची का प्रदर्शन, प्रशिक्षण सत्र, सेमिनार, और जिलास्तरीय वुशु प्रतियोगिताएं शामिल हैं। झारखंड वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र नाथ दुबे ने जानकारी दी कि सभी जिला इकाइयों को आयोजन के लिए दिशा–निर्देश दे दिए गए हैं, और उनसे अपेक्षा की गई है कि वे अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित करें। इस दौरान वुशु प्रदर्शन एवं ताई ची प्रस्तुतियाँ, प्रशिक्षण सत्र और वर्कशॉप, सेमिनार एवं व्याख्यान, वुशु के लाभों पर विशेषज्ञों की राय, जिलास्तरीय वुशु टूर्नामेंट आयोजन होगा।

## हार के बाद आनलाइन घृणा का शिकार हुई टेनिस खिलाड़ी स्वितोलिना

**मांट्रियल, 6 अगस्त।** यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने बताया है कि कनाडा में एक मैच हारने के बाद कैसे कुंठित सटोरियो ने आनलाइन उनके खिलाफ नफरत उगली, उनके मरने की कामना की और रूस द्वारा यूक्रेन में लोगों की हत्या का जश्न मनाया। नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में नाओमी ओसाका से मिली हार के बाद स्वितोलिना को इस घृणा का सामना करना पड़ा। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन मैसेज के स्क्रीनशॉट्स साझा किये हैं। उनके लिये अपशब्द कहे गए और उनके पति गाएल मोंफिल्स को भी निशाना बनाया गया जो फ्रांस के अश्वेत टेनिस खिलाड़ी हैं। एक सटोरिये ने कहा कि काश रूस सभी यूक्रेनवासियों की हत्या कर दे। स्वितोलिना ने इसके जवाब में लिखा है ,'' सभी सट्टेबाजों को मैं इतना ही कहूंगी कि एक खिलाड़ी होने से पहले मैं एक मां की।

# लायंस ने बुल्स को 9 विकेट से हराया

**नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी**
- दिलीप मुंडा बने प्लेयर ऑफ द मैच

**रांची, 6 अगस्त (खेलढाबा)।** नगड़ी के कोलांबी मैदान में आयोजित नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी–2 के पांचवें मुकाबले में नगड़ी अचीवर्स लायंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नगड़ी अचीवर्स बुल्स को 9 विकेट से पराजित कर दिया। टूर्नामेंट का आयोजन नगड़ी क्रिकेट एकेडमी और द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। मैच का संक्षिप्त विवरणः बुल्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 20 ओवरों में 95 रन पर ऑल आउट हो गई। जवाब में लायंस ने सिर्फ 1 विकेट खोकर 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

प्रमुख प्रदर्शनः
नगड़ी अचीवर्स बुल्स– 95/10 (20 ओवर)ङ अंकित कुमार–19 रन (1 चौका), अर्जुन–14 रन (1 छक्का), अनुराग–13 रन (1 छक्का), रोहित-11 रन
गेंदबाजी (लायंस) :दिलीप मुंडा–3 ओवर, 9 रन, 3 विकेट, आण्विक–3 ओवर, 14 रन, 3 विकेट, आदित्य–4 ओवर, 18 रन, 2 विकेट, दुर्गेश–1 विकेट
नगड़ी अचीवर्स लायंस– 96/1 (15 .2 ओवर), दिलीप मुंडा–41 रन (2 चौके, 2 छक्के), प्रियांशु–31 रन (1 चौका), आदित्य–13 रन
बुल्स गेंदबाजी : अनुकृष्णा वत्स–1 विकेट, 16 रन
प्लेयर ऑफ द मैच : दिलीप मुंडा (ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए) सम्मानित किया गया राज्य स्तरीय खिलाड़ी विल्फ्रेड बैंग द्वारा।
आज का मुकाबला :
नगड़ी अचीवर्स पैंथर्स बनाम नगड़ी अचीवर्स बुल्स



## सुब्रतो कप अंडर-15 बालक फुटबॉल : जमुई क्वार्टरफाइनल में

**राजगीर, 6 अगस्त।** खेल विभाग, बिहार सरकार व बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, नालंदा की मेजबानी में चल रही राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी अंडर-15 फुटबॉल प्रतियोगिता में आज तीसरे दिन वाकओवर का दौर जारी रहा और वाकओवर के सहारे बेगूसराय व मुजफ्फरपुर की टीम अगले राउंड में पहुंची। तीसरे दिन खेले गए मैच में मधुबनी के खिलाफ कैमूर ने मैच जीत कर और पश्चिम चंपारण ने दरभंगा को हराकर और जमुई ने रोहतास को रोमांचक मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। यह प्रतियोगिता 8 अगस्त तक चलेगी। मैच दो ग्राउंड पर खेले जा रहे हैं।



जीत के बाद प्रसन्न मुद्रा में ईस्ट बंगाल के खिलाड़ी।

## आईसीएलः चेन्नईयिन एफसी ने किया परिचालन निलंबित

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को लेकर अनिश्चितता के चलते चेन्नईयिन एफसी ने बुधवार को अपना परिचालन निलंबित कर दिया जिससे भारतीय क्लब फुटबॉल संकट में दिख रहा है।

इससे कुछ दिन पहले बेंगलुरु एफसी और ओडिशा एफसी ने अपनी पहली टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों को वेतन देना बंद करने का फैसला किया था।

चेन्नईयिन का यह फैसला बृहस्पतिवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के शीर्ष अधिकारियों और आठ आईएसएल क्लबों के बीच होने वाली बैठक से एक दिन पहले लिया है। इस बैठक में चेन्नईयिन एफसी का प्रतिनिधित्व होने की संभावना नहीं है क्योंकि यह क्लब इस तरह के कदम का आह्वान करने वाले हस्ताक्षरकर्ताओं में शामिल नहीं है।

चेन्नई स्थित क्लब ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कहा कि आईएसएल के भविष्य को लेकर जारी अनिश्चितता को देखते हुए चेन्नईयिन एफसी ने क्लब के परिचालन को अस्थायी रूप से रोकने का बेहद मुश्किल फैसला लिया है। इसमें कहा गया कि यह फैसला लेना आसान नहीं था। हमने यह फैसला बहुत सोच समझकर और सावधानीपूर्वक विचार विमर्श के बाद लिया है।

# ईस्ट बंगाल ने नामधारी एफसी को हराया

**कोलकाता, 6 अगस्त।** ईस्ट बंगाल एफसी बुधवार को यहां ग्रुप ए के कड़े मुकाबले में नामधारी एफसी को 1-0 से हराकर 134वें डूरंड कप में नॉकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गया।

**डूरंड कप फुटबॉल**
- आईटीबीपी ने पंजाब एफसी से गोलरहित ड्रॉ खेला

ईस्ट बंगाल के लिए पदार्पण कर रहे मोरक्को के फॉरवर्ड हामिद अहदाद ने 68वें मिनट में गोल दागकर टीम को टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दिलाई।

इस जीत से ईस्ट बंगाल दो मैच में छह अंक और +6 के गोल अंतर से ग्रुप ए में शीर्ष पर है जबकि नामधारी तीन मैच में दो जीत (छह अंक और +3 का गोल अंतर) के साथ दौड़ में बना हुआ है। ग्रुप चरण में दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी।

वहीं दिन के एक अन्य मैच में असम के कोकराझार में आईटीबीपी ने ग्रुप डी मैच में पंजाब एफसी से गोलरहित ड्रॉ खेला।

पंजाब एफसी मुकाबले के दौरान मिले मौकों को भुनाने में नाकाम रही जबकि आईटीबीपी ने मजबूत रक्षण की बदौलत विपक्षी टीम को कोई भी गोल नहीं करने दिया।



आईटीबीपी (भारत–तिब्बत सीमा पुलिस) इस प्रदर्शन से एक अंक हासिल करने में सफल रही। दोनों टीमों के दो मैच में चार–चार अंक हैं और अब ग्रुप चरण के मैच में इनका सामना बोडोलैंड एफसी से होगा।

## महिला फुटबॉल : इंडोनेशिया ने भारत को ड्रॉ पर रोका



**यांगून, 6 अगस्त।** भारत को एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर के ग्रुप डी के पहले मैच में इंडोनेशिया ने गोलरहित ड्रॉ पर रोका। भारत को इस ड्रॉ से एक अंक मिला। मेजबान म्यांमार शीर्ष पर है जिसने तुर्कमेनिस्तान को 6-1 से हराया। अब भारत को शुक्रवार को दूसरे मैच में तुर्कमेनिस्तान से खेलना है।

# चार मुक्केबाज फाइनल में पहुंचे

**अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप**

**बैंकॉक, 6 अगस्त।** भारत के चार मुक्केबाज यहां अंडर-22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गए।

नीरज ने दक्षिण कोरिया के योंगहो बांग को पुरूषों के 75 किलो वर्ग में 5-0 से हराया। वहीं पुरूषों के 90 प्लस किलो वर्ग में ईशान कटारिया ने चीन के चेन चेन को मात दी जब तीन दौर के बाद रैफरी ने मुकाबला रोक दिया।



महिलाओं के 57 किलो वर्ग में यात्री पटेल ने वियतनाम की थि नुंग क्वांड को 5-0 से हराया। प्रिया ने 60 किलो वर्ग में उजबेकिस्तान की ओडिनाखोन इसमोइलोवा को हराया। रॉकी चौधरी का ईरान के सैम एस्ताकी के खिलाफ मुकाबला दूसरे दौर के बाद रोकना पड़ा क्योंकि उनकी दोनों भौहों के ऊपर कट लग गया था।

हर्ष (60 किलो) और मयूर (90 किलो) भी अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों से हार गए। हर्ष को उजबेकिस्तान के शोहरूह अब्दुमालिकोव ने 5-0 से हराया। वहीं मयूर को उजबेकिस्तान के ही शाखजोद पोल्वोनोव ने मात दी। अंकुश को कजाखस्तान के संजार अली बेगालियेव ने 5-0 से हराया। भावना शर्मा महिलाओं के 48 किलो वर्ग में हार गई जबकि पार्थवी ग्रेवाल (60 किलो), प्रांजल यादव (65 किलो) और श्रुति (75 किलो) को भी सेमीफाइनल में हारकर कांस्य से संतोष करना पड़ा।



# मोहम्मद सिराज का हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत

**हैदराबाद, 6 अगस्त।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एंडरसन–तेंदुलकर ट्रॉफी को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने के बाद बुधवार को अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

सिराज ने पांच मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक 23 विकेट लिए। उन्होंने ओवल में खेले गए अंतिम टेस्ट मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें इस मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। उन्होंने सभी पांच मैच खेले और 185.3 ओवर फेंके।

हैदराबाद का रहने वाला यह 31 वर्षीय खिलाड़ी काले रंग की कैजुअल पोशाक में इससे पहले फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

सिराज से सेल्फी और ऑटोग्राफ के लिए अनुरोध किए गए, लेकिन वह हैदराबाद के लिए उड़ान पकड़ने के लिए जल्दी से कार में सवार होकर वहां से निकल गए। हैदराबाद में प्रशंसक पहले ही उनके स्वागत के लिए तैयार थे।

इस बीच हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा, ''हमने अभी तक उनसे बात नहीं की है। लेकिन हम निश्चित रूप से उनके लिए कुछ (सम्मान) योजना बनाएंगे, क्योंकि वह कुछ दिनों के



लिए शहर में रह सकते हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया। सिराज ने ओवल टेस्ट मैच में पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट लिए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन से भारत ने 374 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे इंग्लैंड को 367 रन पर आउट करके छह रन से अपनी सबसे करीबी जीत हासिल की थी।

# गिल प्लेयर ऑफ मंथ पुरस्कार के लिए नामित

**दुबई, 6 अगस्त।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया।


**जुलाई महीना का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

- दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के बेन स्टोक्स भी इस दौड़ में शामिल

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ की।

गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा। गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा कि शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए।

आईसीसी ने कहा कि उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर ''सर्वकालिक महान'' विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की




विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265.50 की



औसत से 531 रन बनाए।

आईसीसी ने कहाकि मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15.28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। आईसीसी ने भारत के खिलाफ



स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, ''उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाए और 26.33 की औसत से 12 विकेट लिए। उन्होंने दबाव की परिस्थितियों में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया।''

# बैटरों के लिए सिराज का सामना करना हमेशा चुनौतीपूर्ण

**लंदन, 6 अगस्त।** इंग्लैंड के पूर्व हरफनमौला मोईन अली का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की दिलेरी और विषमताओं में घुटने नहीं टेकने का उनका जज्बा उन्हें दूसरों से अलग करता है और किसी भी बल्लेबाज के लिये उनका सामना करना चुनौतीपूर्ण है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने वाले सिराज ने 23 विकेट चटकाये। मोईन ने जीएफएस डेवलपमेंट्स द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि सिराज इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में शानदार रहा है। उसकी ऊर्जा, आक्रामकता और निरंतरता शानदार रही है। वह भारत के लिये मैच विनर है और बल्लेबाजों के लिये उसका सामना करना

- मोइन अली ने कहा–सिराज इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में शानदार रहा है



हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात गेंद पर नियंत्रण की उसकी काबिलियत है। वह दिलेर है और कभी हार नहीं मानता। यही बात उसे खास बनाती है। उसने जो प्रभाव छोड़ा है, उसका पूरा श्रेय उसको जाता है।

# कैरियर के सर्वश्रेष्ठ 15वें स्थान पर पहुंचे सिराज

**आईसीसी रैंकिंग**

**दुबई, 6 अगस्त।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है।

सिराज ने मैच में नौ विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई। उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी।

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच खेले। प्रसिद्ध कृष्णा भी कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल में श्रृंखला में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए।

जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं, जो एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह पैर की चोट के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल सके थे।

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने लगातार तीसरा शतक लगाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि हैरी ब्रुक फिर से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ओवल में दूसरी पारी में 98 गेंद



पर 111 बनाए थे।

गेंदबाजी में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन और जोश टंग ने भी मैच में आठ-आठ विकेट लेकर कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। एटकिंसन पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, जबकि टंग 14 स्थान ऊपर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## रूट को मैन ऑफ द सीरीज होना चाहिए था: हैरी ब्रुक

**लंदन, 6 अगस्त।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने भारतीय कोच गौतम गंभीर के उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनने के फैसले पर असहमति जताते हुए कहा कि यह सम्मान पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले जो रूट को मिलना चाहिए था। श्रृंखला 2–2 से बराबर रहने के बाद प्रत्येक टीम के कोच ने प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार के लिए विपक्षी टीम से एक खिलाड़ी का चयन किया। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारत की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में कप्तान शुभमन गिल को जबकि गंभीर ने इंग्लैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में ब्रूक को चुना।

# सीएबी के चुनाव में उतरेंगे सौरभ गांगुली

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** लगभग तीन साल पहले बीसीसीआई अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के आगामी चुनावों में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

गांगुली (52 वर्ष) 2019 तक

- अध्यक्ष पद के लिए करेंगे नामांकन

सीएबी अध्यक्ष रहे। उन्होंने 2014 में दिवंगत जगमोहन डालमिया के नेतृत्व में राज्य इकाई के सचिव के रूप में अपना कार्यकाल शुरू किया था।

फिर 2019 में उन्हें सर्वसम्मति से बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना गया और जय शाह सचिव बने। लेकिन एक कार्यकाल पूरा होने के बाद गांगुली की जगह 1983 विश्व कप के नायक रोजर बिन्नी आ गए।

राज्य इकाई के घटनाक्रम से वाकिफ सीएबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हां, सौरव प्रबंधन व्यवस्था में वापसी के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने सीएबी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने का मन बना लिया है। अगर बीसीसीआई के संविधान के अनुसार देखा जाए तो उनके पास (राज्य संस्था में कुल नौ साल) पांच साल बचे हैं। वह सर्वसम्मति से चुने जाएंगे या चुनाव होंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

सीएबी के मौजूदा अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली सौरव के बड़े भाई हैं। वह छह साल पूरे कर लेंगे जिसके बाद उन्हें



लोढ़ा समिति की सिफारिश वाले संविधान के अनुसार अनिवार्य रूप से ब्रेक लेना होगा।

# बोलने से पहले सोचें, कर्म तुरंत सामने आते हैं

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने किसी खिलाड़ी केचोटिल होने पर उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल करने को लेकर बेन स्टोक्स की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि इंग्लैंड केकप्तान को बोलने से पहले सोचना चाहिए था, क्योंकि तब उनके कर्म तुरंत ही सामने आ गए थे जब पांचवें टेस्ट में क्रिस वोक्स के कंधे में चोट लगने केबाद उन्हें एक बल्लेबाज की कमी खल रही थी।

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैनचेस्टर में ड्रॉ हुए चौथे टेस्ट के पहले दिन रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। स्कैन में उनकेदाहिने पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि होने केबावजूद वह अगले दिन बल्लेबाजी करने केलिए मैदान पर उतरे थे।

इसके बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के स्थान पर अन्य खिलाड़ियों को शामिल करने की बात कही थी, जिसे स्टोक्स ने खारिज करते हुए ''बेहद हास्यास्पद'' बताया था।

ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा जब वोक्स के कंधे में फ्रैक्चर हो गया लेकिन फिर भी वह अंतिम दिन बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय इंग्लैंड के नौ विकेट गिर चुके थे और उसे जीत के लिए 20 से भी कम रन की जरूरत

- आर अश्विन ने दी बेन स्टोक्स को नसीहत
- बेन स्टोक्स ने गौतम गंभीर के बयान को कहा था–हास्यास्पद
- गंभीर ने की थी चोटिल खिलाड़ी की जगह अन्य को खेलाने की बात

थी। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा कि एक तमिल कहावत है जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है आपके कर्म आपको लगभग तुरंत प्रभावित करेंगे। आप जो बोते हैं, वही काटते हैं। उन्होंने कहा, ''आखिरी टेस्ट से पहले पंत की चोट के बारे में सवाल पूछे गए थे।

## सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं : चैपल

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड की आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने की रणनीति की आलोचना करते हुए कहा, ''सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है। चैपल ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' में अपने कॉलम में युवा भारतीय टीम की अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रशंसा की, वहीं इंग्लैंड के खिलाड़ियों, विशेषकर हैरी ब्रुक की आलोचना की, क्योंकि वे परिस्थितियों को समझने में विफल रहे। चैपल ने कहा, ''इस श्रृंखला में इंग्लैंड का सफर उसके सामने चेतावनी पेश करता है।

# सिद्धू ने गंभीर के आलोचकों को दिया जवाब

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने बुधवार को मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर की इंग्लैंड दौरे केदौरान उनकेदृढ़ विश्वास की सराहना की और साथ ही उनकेआलोचकों से पूछा कि क्या ब्रिटेन में 2-2 से ड्रॉ के लिए वे अब खड़े होकर उनका अभिवादन करेंगे।

भारतीय टीम विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों केटेस्ट प्रारूप से संन्यास लेने केकुछ समय बाद ही इस दौरे केलिए रवाना हुई थी। टीम ने पांच टेस्ट की श्रृंखला में बेहतरीन क्रिकेट खेला और इंग्लैंड को उसकी ही सरजमीं पर ड्रॉ पर रोक दिया। 'द ओवल' में श्रृंखला के निर्णायक मैच में मिली शानदार जीत पर सिद्धू ने कहा कि टीम की सफलता का श्रेय गंभीर को भी जाता है।

सिद्धू ने अपने यूट्यूब चैनल पर भारतीय मुख्य कोच के आलोचकों से पूछा, ''हम नायकों की बहुत ज्यादा पूजा करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जब भी भारत थोड़ा खराब खेलता है तो हर कोई गौतम गंभीर को दोषी ठहराने लगता है। क्या आप आज खड़े होकर उनका अभिवादन करेंगे? उन्होंने कहा कि कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को आजमाने से भले ही नतीजे मिले हों लेकिन उन्होंने गंभीर को श्रेय दिया जो अपने काम करने के तरीके की आलोचना केबावजूद अपने रुख पर

- क्या आप आज खड़े होकर उनका अभिवादन करेंगे?
- गंभीर ने आकाशदीप और सुंदर जैसे खिलाड़ियों को मौका दिया
- इस सफलता का श्रेय गंभीर को जाता है। गंभीर ने युवा खिलाड़ियों पर विश्वास किया

अड़े रहे और युवाओं केलिए दरवाजे खोलते रहे।

सिद्धू ने कहा, ''गंभीर ही थे जिन्होंने आकाशदीप और वाशिंगटन जैसे खिलाड़ियों को मौकेदिए। कुलदीप शायद एक बेहतर विकल्प थे। लेकिन वह दृढ़ थे। सुधार की गुंजाइश तो आज भी और कल भी होगी।

## राशिद खान को मिला कमान

**नईदिल्ली, 6 अगस्त।** एशिया कप 2025 के लिए अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी 22 सदस्यीय प्रिलिमनरी टीम घोषित की है। इन्हीं में से फाइनल 15 का चयन होगा। वहीं एशिया कप से पहले अफगानिस्तान को टी20 ट्राई सीरीज खेलनी है। इसी के लिए ये टीम चुनी गई है। राशिद खान को कप्तानी सौंपी गई है। जबकि रहमनुल्लाह गुरबाज को उपकप्तान बनाया गया है। एशिया कप अगले महीने से खेला जाना है। पाकिस्तान और यूएई के साथ अफगानिस्तान को टी20 ट्राई सीरीज खेलनी है। हालांकि, इससे पहले अफगानिस्तान की ये 22 सदस्यीय टीम यूएई में दो सप्ताह ट्रेनिंग कैंप में भाग लेगी।

# बुमराह के बिना भारत की जीत महज संयोग

**मुंबई, 6 अगस्त।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट जीतना महज 'संयोग' था और यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी 'असाधारण और अविश्वसनीय' है।

बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में से तीन मैच में ही खेले थे। श्रृंखला में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही। भारतीय टीम ने जो दो मैच जीते उनमें कार्यभार प्रबंधन योजना के कारण बुमराह का नहीं खेलना पहले से ही तय था।

तेंदुलकर ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में बर्मिंघम और द ओवल में भारत की जीत महज संयोग थी। उन्होंने बुमराह के तीन टेस्ट मैच में प्रदर्शन के बारे में बात की। इस तेज गेंदबाज ने श्रृंखला में कुल 14 विकेट लिए। तेंदुलकर ने 'रेडिट' पर श्रृंखला के अपने वीडियो विश्लेषण में कहा, ''बुमराह ने सही में अच्छी शुरुआत की, पहले टेस्ट (पहली पारी में) में पांच विकेट लिए। वह दूसरा टेस्ट नहीं खेले लेकिन तीसरे और चौथे टेस्ट में खेले। फिर इन दो टेस्ट में से एक में उन्होंने पांच विकेट झटके।

उन्होंने कहा कि बुमराह ने जो तीन टेस्ट खेले, उनमें से दो में उन्होंने पांच विकेट लिए। मुझे पता है कि लोग कई बातों पर चर्चा कर रहे हैं कि हम उन टेस्ट मैच में जीते जिनमें वह नहीं खेले। मुझे लगता है कि यह महज एक संयोग है।''

तेंदुलकर ने कहा कि बुमराह की गेंदबाजी असाधारण है। वह अब तक जो कर पाए हैं, वह अविश्वसनीय है। इसमें कोई शक नहीं है कि वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और मैं उन्हें किसी भी अन्य गेंदबाज से बेहतर मानता हूं। बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद सिराज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सभी पांच मैच में खेले जिसमें उन्होंने 185.3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 23 विकेट झटके। बुमराह आंकड़ों के हिसाब से सिराज से कहीं आगे हैं। उन्होंने 48 टेस्ट मैच में 219 विकेट लिए हैं जबकि सिराज के 41 मैच में 123 विकेट हैं।

योजना के अनुसार बुमराह की पांचवें और अंतिम टेस्ट में अनुपस्थिति उनके कार्यभार प्रबंधन को लेकर कुछ सवाल जरूर खड़े करती है लेकिन टीम प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि इस शीर्ष तेज गेंदबाज के संबंध में जोखिम नहीं लिया जा सकता था।

तेंदुलकर ने ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जमकर तारीफ की जिन्होंने पूरे मैच में टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि वह जब भी खेला है, उसने योगदान दिया है। अगर आप दूसरे टेस्ट मैच में देखें तो चौथी पारी में उसने पांचवें दिन लंच से ठीक पहले बेन स्टोक्स को शानदार गेंद पर आउट कर दिया। मुझे लगता है कि यह 'टर्निंग प्वाइंट' था। तेंदुलकर ने कहाकि आखिरी टेस्ट में जब बल्लेबाजी का समय आया तो उन्होंने शानदार शॉट्स लगाते हुए 53 रन बना दिए। उन्होंने बेहतरीन रन गति बनाए रखी। उन्होंने कहा कि जब क्रीज पर डटे रहने की जरूरत थी तो वह चौथे टेस्ट में ऐसा करने में सफल रहे। जब तेजी से रन जुटाने की जरूरत थी तो उन्होंने पांचवें टेस्ट में ऐसा किया। 'वैल डन, वाशी'। मुझे सच में बहुत मजा आया।

मुंबई के इस दिग्गज खिलाड़ी ने मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की ड्रॉ की पेशकश पर भारत के इनकार पर भी बात की। उनका मानना था कि रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन को अपने शतक बनाने का पूरा अधिकार था और यह मालूम होने के बाद कि ड्रॉ ही

**सचिन तेंदुलकर बोले**

- जसप्रीत बुमराह प्रतिभा के धनी खिलाड़ी हैं
- तेंदुलकर के वाशिगंटन सुंदर की जमकर तारीफ की



संभावित परिणाम है तो खेल जारी रखने का फैसला पूरी तरह से सही भावना में लिया गया था।

उन्होंने कहा किलोग चौथे टेस्ट मैच के बारे में बात कर रहे हैं कि क्या वाशिंगटन और जडेजा के शतक सही भावना से लगाए गए थे? ऐसा क्यों नहीं होना चाहिए? वे ड्रॉ के लिए खेल रहे थे। तेंदुलकर ने कहा, ''इससे पहले इंग्लैंड ने दबाव बनाया हुआ था। इसके बावजूद अगर कोई बल्लेबाज बल्लेबाजी कर रहा है। अगर वह दिन के खेल के अंत तक भी बल्लेबाजी कर रहा है।

# सिराज के 'वर्कलोड' पर ध्यान देना होगा

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला में थकान को धता बताते हुए अपनी गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज के 'वर्कलोड (थकान और चोट से बचने के लिए खेल से विश्राम)' पर ध्यान देने की वकालत करते हुए भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने कहा कि यह तेज गेंदबाज अगर लगातार खेलेगा तो चोटिल होने का जोखिम बना रहेगा।

सिराज ने श्रृंखला में इंग्लैंड में 185.3 ओवर डालकर 23 विकेट चटकाये। वह इस श्रृंखला में सबसे अधिक गेंदबाजी करने के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

आरपी सिंह ने कहा कि सिराज को भविष्य में चोटिल होने से बचाने के लिए वर्कलोड मैनेजमेंट जरूरी होगा। तेज गेंदबाज अगर कम समय में ज्यादा मैच खेलते हैं तो चोटिल होने का खतरा रहता है। सिराज के कार्यभार को भी उसी तरह से प्रबंधित करना होगा जैसे हमने बुमराह के साथ किया है।

उन्होंने कहा कि बेहतर कार्यभार प्रबंधन के कारण बुमराह ने विश्व कप (वनडे और टी20) में शानदार गेंदबाजी की थी। सिराज भी उसी श्रेणी का गेंदबाज है। चोटिल होने से बचाने केलिए उसकेवर्कलोड पर भी आज नहीं तो कल गंभीरता से ध्यान देना होगा।

भारत केलिए 14 टेस्ट सहित कुल 82 मैच खेलने वाले आरपी सिंह ने इंग्लैंड दौरे पर दिलेरी और जिम्मेदारी से गेंदबाजी करने केलिए सिराज की तारीफ की।

'जियो हॉटस्टार' केसाथ क्रिकेट विशेषज्ञ के तौर पर जुडे आरपी सिंह ने कहा, '' सिराज इकलौता गेंदबाज है जिसने पांचों टेस्ट मैच खेले और इन सभी मैचों में पूरे जज्बे और दमखम केसाथ गेंदबाजी की। उसने श्रृंखला जिस आखिरी गेंद पर बल्लेबाज को बोल्ड किया वह उनकी इस श्रृंखला की चौथी या पांचवीं सबसे तेज गेंद थी।

सिराज ने यॉर्कर गेंद पर इंग्लैंड केगस एटकिंसन को बोल्ड कर भारत को पांचवें टेस्ट में जीत दिलाई थी। उनकी इस गेंद की गति 143 किलोमीटर प्रति घंटे थी। यह इस श्रृंखला में उनकी पांचवीं सबसे तेज गेंद थी।

आरपी सिंह ने कहा कि यह दर्शाता है कि उनकी ओर से प्रयास में कभी कोई कमी नहीं थी। उन्होंने सही लाइन लेंथ से गेंदबाजी करने की कोशिश की और टीम केलिए उम्मीद से बढ़कर योगदान दिया। इस दौरान उसकी फिटनेस और लय शानदार रही।

सिराज अब तक बुमराह की छत्रछाया में गेंदबाजी करते रहे हैं लेकिन इस श्रृंखला केबाद उन्होंने खुद की विरासत तैयार कर ली है। आरपी सिंह ने कहा कि बुमराह की सफलता में भी सिराज का योगदान है।

आरपी सिंह ने कहा कि बल्लेबाजी में जैसे साझेदारी होती है वैसे ही गेंदबाज भी जोड़ी में गेंदबाजी करना पसंद करते हैं। बुमराह ज्यादा विकेट निकालते है और अलग तरह की एक्शन के कारण उनके पास बल्लेबाजों को ज्यादा परेशान करने की क्षमता है।

उन्होंने कहा कि बुमराह की मौजूदगी में सिराज का काम अपने छोर से दबाव बनाने का होता है और वह इस काम को बखूबी करते हैं। दोनों की जोड़ी बेहद खास रही है और इस जोड़ी काफी अच्छा प्रदर्शन कर केभी दिया है। जब बुमराह टीम में नहीं है तो सिराज हमारे मुख्य तेज गेंदबाज हो गये।

इंग्लैंड दौरे पर बुमराह के सिर्फ तीन मैच खेलने केबारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''यह तो पहले से तय था कि वह इस दौरे पर तीन मैच खेलेंगे। बुमराह के साथ अच्छी बात यह है कि जब वह टीम

**आरपी सिंह बोले**

- वनडे और टी20 के लिए जरुरी है कि बुमराह की तरह सिराज को भी वर्कलोड से बचाया जाए



का हिस्सा होते है तो वह आपको विकेट निकाल कर देते हैं। कप्तान को उनसे हमेशा विकेट की उम्मीद रहती है। ऐसे में वह जिस मैच का भी हिस्सा होते है उसमें अकसर दूसरे गेंदबाजों से अधिक गेंदबाजी करते है। कुलदीप यादव और अर्शदीप को इंग्लैंड दौरे पर एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। आरपी सिंह ने कहा कि दो या तीन टेस्ट मैच ऐसे थे जहां कुलदीप को मौका मिल सकता था लेकिन टीम प्रबंधन ने शायद पहले से ही तय कर रखा था कि श्रृंखला में मजबूत बल्लेबाजी क्रम केसाथ मैदान में उतरना है।

# चीन के रग्बी टीम का पटना पहुंचने पर हुआ शानदार स्वागत








## राजगीर आने का दिया निमंत्रण



हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष श्री शेखर जे. मनोहरन और महानिदेशक कमांडर आर.के. श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने आज नई दिल्ली में भारत सरकार के माननीय युवा मामले और खेल मंत्री तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 के लिए औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया। इस दौरान भारत में हॉकी के सतत विकास और प्रगति को लेकर भी चर्चा हुई।

## भारत में अब और भी महिला सुपरस्टार हैं : सानिया मिर्जा

**मुंबई, 6 अगस्त।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने बुधवार को कहा कि देश में अब क्रिकेट के अलावा और भी महिला खेल सुपरस्टार हैं लेकिन यह जिम्मेदारी भी इन महिलाओं की है कि वे खुद को कैसे पेश करना चाहती हैं। सानिया ने कहा कि करीब 32 साल पहले जब उन्होंने गाय के गोबर से बने टेनिस कोर्ट पर खेलना शुरू किया था और एहतियात के तौर पर टिटनेस के इंजेक्शन लेती थीं। तब से देश में कई महिला सुपरस्टार निकली हैं। उन्होंने यहां 'द स्पोर्ट्स वुमैन' नाम की पैनल चर्चा में कहा, ''तब भारत से एकमात्र महिला सुपरस्टार पीटी उषा थीं और उनके बारे में हमने बस सुना था, उन्हें कभी नहीं देखा क्योंकि उस समय कोई सोशल मीडिया, कोई मीडिया या कोई कवरेज नहीं था। उन्होंने कहा, ''आज जब हम ओलंपिक में या बाहर जाते हैं तो शायद तीन या चार पुरुष क्रिकेटरों के अलावा इस देश की खेलों में सबसे बड़ी सुपरस्टार महिला एथलीट हैं और इससे पिछले 50 साल में बहुत कुछ पता चलता है।

## पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा होगी आकर्षण का केंद्र

**नई दिल्ली।** देश में पहली बार 10 अगस्त को भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्तर की प्रतियोगिता में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा आकर्षण का केंद्र होगी। प्रतियोगिता की पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दो भारतीयों और इतने ही श्रीलंकाई खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इसमें भाग नहीं ले रहे हैं लेकिन सचिन यादव और यशवीर सिंह भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे जबकि श्रीलंकाई सुमेदा रणसिंघे और रुमेश थरंगा पथिरगे अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 25,000 अमेरिकी डॉलर है। रणसिंघे ने सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सीधे प्रवेश हासिल कर लिया है जबकि पथिरगे, यादव और सिंह के विश्व रैंकिंग कोटा के जरिए इस प्रतियोगिता में जगह बनाने की संभावना है।

## हरीश और अरुण एशियाई सर्फिंग के तीसरे दौर में

**चेन्नई।** भारत के हरीश प्रकाश और तयिन अरुण ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के अंडर–18 बालक वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन अरुण ने भारतीय प्रतियोगियों में 9.23 से सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने थाईलैंड के टिन जॉनसन (9.60 अंक) से पीछे रहकर तीसरे दौर में जगह बनाई। ग्यारह वर्षीय प्रकाश ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया और मलेशिया के लुकास सैंटियागो (10.57 अंक) के बाद 7.97 अंक हासिल करके तीसरे दौर में जगह बनाई। प्रतियोगिता में तीसरे भारतीय सर्फर प्रह्लाद श्रीराम 4.94 के स्कोर के साथ हीट 6 में तीसरे स्थान पर रहे। अब वह रेपेचेज के दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स गुरुवार तक स्थगित

**चेन्नई।** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को आयोजन स्थल हयात रीजेंसी होटल में आग लगने के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से शुरू होनी थी। इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, ''चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) के आयोजन स्थल होटल हयात रीजेंसी में कल रात आग लग गई। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में स्थानांतरित कर दिया गया था। टूर्नामेंट एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है।

नाओमी ओसाका सेमीफाइनल में, अब मुकाबला क्लारा टॉसन से


## नाओमी ओसाका सेमीफाइनल में

**मॉन्ट्रियल।** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6–2, 6–2 से हराकर पहली बार नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम चार में ओसाका का सामना 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ को 6–1, 6–4 से हराया। इस तरह से ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। जापान की मूल निवासी यह खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं।

## आमने-सामने होंगे टेलर फ्रिट्जऔर बेन शेल्टन

**टोरंटो।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ और बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका एक दूसरे से मुकाबला होगा। यह पिछले 15 वर्षों में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पहला अवसर होगा जबकि अमेरिका के दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने–सामने होंगे। फ्रिट्ज़ ने रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6–3, 7–6 (4) से हराया। उन्होंने 20 ऐस लगाए, जिनमें से एक ने मैच का अंत भी किया। चौथी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के नौवें नंबर के एलेक्स डी मिनौर को 6–3, 6–4 से हराया। 22 वर्षीय शेल्टन पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। फ्रिट्ज़ और शेल्टन के बीच बुधवार को होने वाला मुकाबला 2010 में एंडी रॉडिक की सिनसिनाटी में मार्डी फिश पर जीत के बाद पहली बार होगा।







बेगूसराय में चल रही सुब्रतो कप अंडर–17 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के संचालन में लगे निर्णायक दल, उनकी मस्ती और खेले गए मैच दृश्य।